प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **102/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

टीलसिंह पिता भूरसिंह निवासीः गांव पोस्ट नाई, तहसील–बारापाल, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 27/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक प्रार्थना पत्र दिनांक 12.03.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/102/26/602–03 दिनांक 30.04.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया। अपीलार्थी उपस्थित।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल द्वारा जरिये पत्रांक भू.अ./सू.अ.2005/2026/306 दिनांक 25.05.2026 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराया गया कि आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन स्पीड पोस्ट नंबर ER508546780IN दिनांक 12.03.2026 से तहसील कार्यालय में आवेदन प्राप्त करना बताया गया है। जबकि उक्त आवेदन तहसील कार्यालय में आदिनांक तक अप्राप्त है। जिसके संबंध में पोस्ट मास्टर बारापाल को दिनांक 04.05.2026 को जरिये व्हॉटसएप, मौखिक भी प्राप्ति रसीद पेश करने हेतु अवगत कराया गया परन्तु पोस्ट मास्टर द्वारा आदिनांक तक प्राप्ति रसीद पेश नहीं की गई है। श्रीमान से प्राप्त पत्र व संलग्न दस्तावेज अनुसार प्रार्थी के आवेदन पत्र में दर्ज बिन्दु संख्या 1 से 3 तक की जमाबंदी नकल तैयार कर पेश है। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के साथ कार्यालय हाजा के आवक रजिस्टर की प्रति संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश है।

अपीलार्थी उपस्थित। प्रत्यर्थी द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत सूचना की प्रति की अपीलार्थी को रसीदन उपलब्ध करवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल के कार्यालय में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन प्राप्त नहीं होने से प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित की जाने वाली सूचना की एक प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई जो अपीलार्थी

RajKaj Ref No.: 22502137
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.27 19:25:32 IST
Reason: Approved

द्वारा रसीदन प्राप्त कर ली गई है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को प्राप्त हो गई है। ऐसी स्थिति में अपील में अन्य कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली शुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.27 19:25:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22502137
M e-Sign